झारखण्ड लोक सेवा आयोग, रांची
सर्कुलर रोड, रांची– 834001
झारखण्ड न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा
महत्त्वपूर्ण सूचना

1. झारखण्ड लोक सेवा आयोग, रांची के विज्ञापन संख्या–4/2013 के आलोक में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा, जो दिनांक–13.04.2014 को आहूत थी, आसन्न लोकसभा चुनाव के कारण अब दिनांक–27.04.2014 को आयोजित की जाएगी।

2. सिविल जज (जूनियर डिवीजन) प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक–27.04.2014 को पूर्व निर्धारित 28 (अट्ठाइस) परीक्षा केन्द्रों पर ही आयोजित होगी।

3. झारखण्ड लोक सेवा आयोग, रांची द्वारा पूर्व निर्गत प्रवेश पत्र/अनुदेश/उपस्थिति पत्रक के आधार पर ही पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थी दिनांक–27.04.2014 को होने वाली प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

4. झारखण्ड लोक सेवा आयोग, रांची द्वारा प्रकाशित महत्त्वपूर्ण सूचना से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति दिनांक–22.02.2014 की कंडिका–14 में आवेदन के अस्वीकरण के प्रति दिनांक–10.03.2014 तक अपील आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसके आलोक में दिनांक–10.03.2014 तक प्राप्त कुल 141 (एक सौ एकतालीस) उम्मीदवारों के अपील आवेदनों पर विचारोपरान्त स्वीकृत/अस्वीकृत आवेदनों की सूची आयोग के वेबसाइटwww.jpsc.gov.in पर जारी कर दिए गए हैं। स्वीकृत अपील आवेदन से संबंधित अभ्यर्थीगण प्रवेश पत्र/उपस्थिति पत्रक इत्यादि अपना नाम एवं जन्मतिथि डालकर आयोग के उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर दिनांक–27.04.2014 को आयोजित प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

5. अतः आयोग द्वारा पूर्व प्रकाशित प्रेस विज्ञप्ति उपर्युक्त के अनुसार यथा संशोधित समझा जाए।

ह0/–
सचिव
झारखंड लोक सेवा आयोग, राँची